<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक- 25.06.2024

जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस द्वारा दिनांक 24/25.06.2024 को 05 वारण्टी व 14 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 48 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

01.➡थाना कोठी पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया, कब्जे से चोरी एक अदद पीतल का घण्टा व एक अदद अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस बरामद-

थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 25.06.2024 को मु0अ0सं0 140/2024 धारा 379/411 भादवि में वांछित अभियुक्त चाँद बाबू पुत्र मुसाहिब निवासी ग्राम अजौवा थाना कोठी जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी 01 अदद पीतल का घण्टा व 01 अदद अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना कोठी पर मु0अ0सं0 227/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

02.➡थाना रामसनेहीघाट पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस बरामद-

थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 25.06.2024 को अभियुक्त विनोद पुत्र निर्मल निषाद निवासी ग्राम वीर मजरे उपरापुर राय साहब थाना रामसनेहीघाट जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा मय 01 अदद जिन्दा कारतूस .12 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना रामसनेहीघाट पर मु0अ0सं0 330/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

03.➡थाना जैदपुर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा मय जिन्दा कारतूस बरामद-

थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 25.06.2024 को अभियुक्त मो0 इमरान उर्फ खन्ना पुत्र मो0 निसार निवासी मो0 गढ़ी जदीद कस्बा व थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस .12 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त के

विरुद्ध थाना जैदपुर पर मु0अ0सं0 214/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

04.➡थाना रामनगर पुलिस ने 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से 01 अदद अवैध चाकू बरामद-

थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 24.06.2024 को अभियुक्त बृजेश वर्मा पुत्र स्व0 रामकरन निवासी अटौटा थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध चाकू बरामद कर थाना रामनगर पर मु0अ0सं0 377/2024 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

05.➡थाना कुर्सी पुलिस ने 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से कुल 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद-

थाना कुर्सी पुलिस टीम द्वारा दिनांक 24/25.06.2024 को अभियुक्तगण 1. रेशमा पत्नी बृजेश निवासी बेहडपुरवा थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी, 2. अमित कुमार पुत्र जयपाल निवासी ग्राम गंगौली थाना कुर्सी जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना कुर्सी पर मु0अ0सं0 199-200/2024 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

06.➡थाना रामनगर पुलिस ने 02 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से कुल 19 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद-

थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 24.06.2024 को अभियुक्तगण 1. मुरलीधर पुत्र भगौती प्रसाद, 2. बृजमोहन पुत्र बाबूलाल निवासीगण ग्राम गजापुरवा मजरे बडनापुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 19 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना रामनगर पर मु0अ0सं0 375-376/2024 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

07.➡थाना रामसनेहीघाट पुलिस ने 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद-

थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम द्वारा दिनांक 24.06.2024 को अभियुक्त शिवबहादुर वर्मा पुत्र शेषनरायन वर्मा निवासी कितारपुर मजरे ठाकुरपुर थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से

15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी। अभियुक्त के विरूद्ध थाना रामसनेहीघाट पर मु0अ0सं0 328/2024 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

08.➡थाना जैदपुर पुलिस ने 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद-

थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 24.06.2024 को अभियुक्त मो0 आमीन पुत्र ताज मोहम्मद निवासी मो0 अहिरान कस्बा व थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी। अभियुक्त के विरूद्ध थाना जैदपुर पर मु0अ0सं0 213/2024 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

09.➡थाना देवा पुलिस ने 04 जुआरियों को किया गिरफ्तार-

थाना देवा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 24.06.2024 को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे 04 अभियुक्तगण 1. मो0 नदीम पुत्र मो0 जलील निवासी मो0 लालापुर थाना देवा जनपद बाराबंकी 2. मो0 जकी पुत्र मो0 कलीम 3. राज पुत्र राजू 4. जिशान अली पुत्र स्व0 साबिर अली निवासीगण मो0 हुज्जाजी कस्बा व थाना देवा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़/जामातलाशी के कुल 1530/- रूपये बरामद कर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना देवा पर मु0अ0सं0 428/2024 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया।

10.➡ थाना घुंघटेर पुलिस टीम द्वारा अपहृता को सकुशल बरामद किया-

थाना घुंघटेर पुलिस द्वारा आज दिनांक 25.06.2024 को मु0अ0सं0 119/2024 धारा 366 भादवि से सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।